




डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 315 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | शनिवार 31 अगस्त 2024 | मूल्य 2 रुपया



आवश्यकता है

दैनिक गुरु एक्सप्रेस

आफिस में कार्य करने हेतु युवक की आवश्यकता है।


वेतन योग्यता अनुसार

संपर्क

संपर्क समय- शाम 4 से 6 बजे तक

कार्यालय दैनिक गुरु एक्सप्रेस

9425105928. 8319964648



## सरकारी अफसर-कर्मचारी फांक रहे धूल

### नहीं बदली सड़कों की काया, छह सड़कों का काम अधूरा

**मंदसौर, 30 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** सरकारी अफसर-कर्मचारी ही सड़को की धूल फांकने को मजबूर हो रहे हैं। बारिश में गड्ढों से परेशानी आम आदमी के साथ सरकारी अधिकारी भी झेल रहे हैं। रामटेकरी पर बने सरकारी आवासों और विभागों के बाहर ही गड्ढों की भरमार है। इन्हीं गड्ढों के आसपास कलेक्टर, एसपी, न्यायाधीश और नपा सीएमओ के निवास स्थान भी बने हुए है। इधर सड़को की दशा सुधारने के लिए शुरु हुए कायाकल्प अभियान में अभी भी छह सड़को का काम अधूरा है।

**मरहम लगाने के लिए डाली गई मिट्टी बन रही परेशानी...**

शहर के गड्ढों पर मरहम लगाते हुए मिट्टी से भराव किया गया। बारिश के समय इससे परेशानी और ज्यादा बढ़ गई। बारिश थमने के बाद अब मिट्टी इधर-उधर बिखर रही है। जिससे लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

**कायाकल्प का काम अधूरा...**

कायाकल्प के तहत शहर की मुख्य सड़को की कायापलट करने के दावे सालभर बाद भी अधूरे हैं। अब तक कायाल्प की 11 में से 5 सड़क का ही काम पूरा हुआ है। जबकि, छह सड़क को इंतजार है। प्रथम चरण के तहत एक तो दूसरे चरण के तहत अभी 5 सड़क का काम होना बाकी है। इस बीच बारिश से पहले नगरपालिका ने पेचवर्क कराने में भी दिलचस्पी नहीं दिखाई। इस कारण लोगों को जर्जर सड़को से गुजरना पड़ रहा है।

**पौने पांच करोड़ से बनना थी छह सड़के...**


कायाकल्प के प्रथम चरण के तहत करीब 4.75 करोड़ रुपए से 6 सड़क बननी थीं। 22 जून 2023 को संजय गांधी उद्यान से रेलवे स्टेशन तक 0.9 किमी में डामरीकरण शुरू किया था। लेकिन, 13 माह बीतने के बाद भी सम्राट रोड से हजारी रोड तक 0.52 किमी में डामरीकरण होना बाकी है। इसके अलावा दूसरे चरण के तहत मिड इंडिया ब्रिज से लेकर स्टेशन रोड तक, गांधी चौराहा से कालाखेत तक, गुप्ता कचौरी से पुराना नाका सहित शहर की अन्य 2 सड़के मिलाकर कुल 5 सड़कं बनना हैं। टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद भी नपा सड़कों का काम नहीं करा सकी। ऐसे में अधिक यातायात दबाव वाले मार्गो पर लोगों को हिचकोले खाकर गुजरना पड़ रहा है।

**कलेक्टर-सीएमओ के बंगले के आस-पास गड्ढों का जाल**

**पाईप लाईन के चक्कर में खोदी सड़के...**

शहर के रामटेकरी गेट, रामटेकरी कॉर्नर के अलावा रेवास- देवड़ा रोड, नई आबादी समेत कई क्षेत्रों में पैचवर्क करवाना जरूरी है। इधर सबसे महत्वपूर्ण परेशानी बारिश में पेयजल पाईप लाईन के लिए सड़के खोदने से हो रही है। जिला सहकारी बैंक के सामने पेयजल लाइन सुधारने के लिए नपा के कर्मचारियों द्वारा महू- नीमच रोड खोदी गई। इसके अलावा यश बालाजी के पास और रेलवे स्टेशन रोड पर भी ऐसा ही हुआ। यहां सड़को की प्रापर मरम्मत नहीं होने से परेशानी बनी हुई है।





**दुर्घटना की बनी रहती है आशंका...**

**स्टेडियम मार्केट रोड**–थोड़ी देर की बारिश में स्टेडियम मार्केट रोड की हालत खराब हो जाती है। बीपीएल चौराहा से लेकर रेलवे स्टेशन पहुंच मार्ग तक जाने के लिए रोजाना सेकड़ो वाहन इस जर्जर सडक़ से गुजरते हैं।

**महाराणा प्रताप बस स्टैंड**– महाराणा प्रताप बस स्टैंड से नयापुरा रोड की ओर मार्ग पर गड्ढों की भरमार है। बस स्टैंड परिसर से कुछ ही दूरी पर हो रहे गड्ढों से हादसे की आशंका बनी रहती है।

## बेटे, भाई, दामाद के साथ मिलकर चलाती थी रूपए ऐंठने का धंधा

### अफजलपुर पुलिस ने दबोचा, महिला सहित तीन गिरफ्तार, दामाद की तलाश

**मंदसौर, 30 अगस्त गुरु एक्सप्रेस। रतलाम जिले की एक महिला अपने भाई, बेटे और दामाद के साथ मिलकर फर्जी बलात्कार के प्रकरण बनाने का दबाव देकर रूपए ऐंठने का धंधा चलाती थी। पुलिस का कहना है कि यह पारिवारिक गैंग कई लोगो से इस तरह झूठे मामले बनाने की बात को लेकर धमकाकर लाखो रूपए ऐंठ चुकी है। मामले में पुलिस ने गिरफ्तार किए गए तीनो आरोपियो को न्यायालय में पेश किया। जहां से उन्हें जैल भेज दिया गया। अब पुलिस मामले के मुख्य षड़यंत्रकर्ता महिला के दामाद को तलाश रही है।**

अफजलपुर थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 29अगस्त 24 को एक केलुखेडा जिला रतलाम निवासी एक महिला ने उसके पुत्र कमलेश पिता शिवलाल मालवीय व भाई चौथमल पिता बगदीराम चौहान निवासी लसुडीया भाटी थाना सीतामऊ के साथ मिलकर सिहोर (थाना अफजलपुर) के एक व्यक्ति के क्लिनीक पर दांतो का ईलाज करवाने के बहाने आई। थोड़ी देर बेठने के बाद उसका बेटा व भाई चौथमल दोनो आ गये व महिला के साथ बलात्कार का झूठा आरोप लगा कर चिल्ला चोट करने लगे। धमकी देते हुए पुलिस मे रिर्पोट न करने के लिये 5 लाख रूपयें की मांग करने लगे। चूंकि क्लिनीक के पास ही संचालक का परिवार मौजुद था तथा क्लिनीक में व आस पास अन्य लोग भी मौजूद थे। ऐसी स्थिती मे आम लोगो द्वारा विरोध किया गया। घटना की सूचना पर सूक्ष्मता से जांच करने पर उक्त महिला व उसका पुत्र व भाई एवं महिला का दामाद गोपाल पिता उंकारलाल लोहार निवासी रहीमगढ थाना सितामऊ के विगत 4-5 वर्षो से इस प्रंकार की गतिविधिया करते आ रहे। वे बरखेड़ा, केलुखेडा के आस पास कई लोगो से



इस प्रकार की ठगी कर चुके है तथा उन्हैल व नागदा जिला उज्जैन मे भी इस प्रकार की गतिविधियो को अंजाम दे चुके है। पुरा परिवार एक गिरोह बना कर षड़यंत्र पुर्वक लोगों को फसा कर अवैध वसूली करते है।

मामले में फरियादी की रिपोर्ट पर थाना अफजलपुर पर आरोपियो के विरूद्व अपराध धारा 308(1), 308 (2), 308(7) एवं 3(5) बीएनएस के तहत पंजीबद्व कर आरोपी महिला, उसके पुत्र कमलेश व भाई चौथमल को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में महिला ने बताया कि दामाद गोपाल पिता उंकार लाल लोहार निवासी रहीमगढ की योजना अनुसार ही षड़यंत्र किया गया था। गोपाल विगत 05-07 वर्षो से इस प्रकार का षड़यंत्र कर भोले भाले लोंगो को फसा कर उनके वीडियो बना कर ब्लेकमेल कर रूपयें ऐठते है। आरोपी गोपाल वर्तमान मे फरार है। जिसे पुलिस तलाश रही है।

## घर में मिला सीबीएन निरीक्षक का शव, कारण अज्ञात

**नीमच, 30 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** गुरुवार रात्रि में सिंगोली पुलिस कों सूचना मिली जिसमें बताया गया कि सिंगोली सीबीएन कार्यालय में पदस्थ निरीक्षक जितेंद्र जोशी की लाश उसी के कमरें में पड़ी है। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव कों बरामद किया और पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंचाया।



निरीक्षक की मृत्यु का कारण अभी अज्ञात हैं। मृतक की पत्नी चितोडग़ढ़ में शिक्षिका हैं और माताजी नीमच विकास नगर में रहती है। आशंका है कि मौत हार्ट अटैक से हुई है। पुलिस के मुताबिक पीएम रिपोर्ट के बाद ही अधिकारिकतौर पर कुछ कहा जा सकेगा।

## लोन दिलाने के नाम पर रिश्वत मांगने वाले बैंक मैनेजर को चार साल की जैल

**रतलाम, 30 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** केसीसी लोन स्वीकृत करने के लिए दस हजार रुपये की रिश्वत की मांग करने के मामले में न्यायालय ने सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की आलोट शाखा के तत्कालीन शाखा प्रबंधक मांगीलाल चौहान पिता बलदेव चौहान निवासी यश नगर इंदिरा कालोनी मंदसौर को दोषी पाया।

भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम विशेष न्यायालय ने उसे भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 में चार वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। उस पर दो हजार रुपये का जुर्माना भी किया गया। सजा सुनाने के बाद उसे जैल भेज दिया गया। फैसला शुक्रवार को विशेष न्यायाधीश आदित्य रावत ने सुनाया।

जिला अभियोजन अधिकारी गोविंद प्रसाद घाटिया व अतिरिक्त जिला लोक अभियोजन अधिकारी विजयकुमार पारस ने बताया कि 9 मार्च 2022 को शिकायतकर्ता बालूसिंह रेवाड़िया पिता रामचन्द्र रेवाडिया ने लोकायुक्त एसपी कार्यालय उज्जैन में लिखित शिकायत की थी कि उनके तथा पत्नी शारदाबाई के नाम 08 बीघा जमीन है। उक्त जमीन पर उन्होंने सेंट्रल बैंक आफ इंडिया की आलोट शाखा से 2.72 लाख रुपये का केसीसी लोन स्वीकृत कराया था। स्वीकृत लोन के रूपए निकालने जब वे बैंग गए थे तो तत्कलीन बैंक मैनेजर मांगीलाल चौहान ने उन्हें बुलाकर कहा कि तुम्हारा लोन स्वीकृत कर दिया है तथा उन्होंने लोन स्वीकृत करने के एवज में 15 हजार रुपये रिश्वत के मांगे थे।



इसके बाद 07 मार्च को बैंक मैनेजर ने उनके ही मोबाइल फोन से उन्हें कॉल कर लोन स्वीकृत करने के लिए रिश्वत मांगी थी। शिकायत की पुष्टि के लिए लोकायुक्त के तत्कालीन निरीक्षक बलवीरसिंह यादव ने रिश्वत संबंधी बातचीत टेप करने के लिए बालूसिंह को डिजिटल वाईस रिकॉर्डर देकर बैंक मैनेजर से उनकी रिश्वत संबंधी बातचीत टेप कराई थी।

**टेबल पर मोबाइल फोन के नीचे रखे थे रुपये...**


बालूसिंह ने रुपये देने के बाद तत्काल बाहर आकर लोकायुक्त दल के सदस्यों को बताया था कि उसने बैंक मैनेजर मांगीलाल चौहान को हाथ में रुपये दिए है, जो उसने अपनी टेबल पर मोबाइल फोन के नीचे रख लिए हैं। इसके बाद दल के सदस्यों ने कक्ष में पहुंचकर मांगीलाल चौहान को पकड लिया था तथा पूछताछ करने पर उसने रुपये मोबाइल फोन के नीचे रखना बताया था। दल सदस्यों ने उक्त रुपये जब्त कर अग्रिम कार्रवाई की थी। आरोप प्रमाणित होने पर अभियोजन की स्वीकृति लेकर लोकायुक्त ने 17 जनवरी 2023 को न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया था। प्रकरण में शासन की तरफ से पैरवी विशेष लोक अभियोजक कृष्णकांत चौहान ने की।

## एसडीएम-एसडीओपी ने किया अस्पताल और कालेज का निरीक्षण

**मनासा, 30 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में मेडिकल छात्रा से रेप और हत्या के बाद कामकाजी महिलाओं की कार्य स्थल पर सुरक्षा को लेकर शासन-प्रशासन सख्ती दिखा रहा है। इसे लेकर मध्यप्रदेश के गृह विभाग की ओर से महिलाओं की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

प्रदेश के साथ जिले में भी कार्य स्थल पर महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने को लेकर मनासा के शासकीय संस्थाओं का अधिकारियों ने निरीक्षण किया। शुक्रवार को मनासा एसडीएम पवन बारिया और मनासा एसडीओपी विमलेश उईके द्वारा मनासा के शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और शासकीय महाविद्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने महिला सुरक्षा से जुड़ी आवश्यक व्यवस्था और वर्तमान इंतजाम को देखा। इसके साथ ही आवश्यक दिशा-निर्देश भी संबंधित संस्था प्रमुख व अधिकारियों को दिए।

## दो दिन मौसम साफ रहने की संभावना, फिर बारिश का अनुमान



**मंदसौर, 30 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** आम दिनो की अपेक्षा शुक्रवार को मौसम साफ रहा, इस दौरान धूप भी खिली रही। जिसके चलते गर्मी और उमस का प्रभाव रहा। आज शनिवार 31 अगस्त से बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव हो रहा है। इसका ज्यादा असर प्रदेश के पूर्वी हिस्सों में रहेगा। जिले में अगले दो दिन बारिश का अनुमान नहीं है। इसके बाद गरज चमक के साथ हल्की बारिश का अनुमान है। जिले में पिछले 48 घण्टों में बारिश नहीं हुई। अब तक जिले में औसत 27.56 इंच बारिश दर्ज की गई है।इधर, चंबल नदी पर बने गांधी सागर बांध का जलस्तर 1304.43 फीट पहुंच गया है।

बांध अधिकारियों के मुताबिक 1306 फिट तक इसे मेंटेन रखना है। मौसम विभाग के मुताबिक, फिलहाल मानसून ट्रफ समेत अन्य सिस्टम प्रदेश से दूर हैं। इस वजह से अगले 24 घंटे में प्रदेश में बारिश की खास एक्टिविटी नहीं रहेगी। कुछ जगहों पर हल्की बारिश जरूर हो सकती है। सीनियर मौसम वैज्ञानिक प्रकाश दावले ने बताया, 'एक मानसून ट्रफ प्रदेश के शिवपुरी, सीधी से होकर बंगाल की खाड़ी में बने लो प्रेशर एरिया में मर्ज हो रहा है। एक-दो दिन बाद यह असर दिखाते हुए आगे बढ़ेगा। इसकी वजह से प्रदेश के पूर्वी हिस्से में तेज बारिश हो सकती है।'

## प्रदेश में अब फिर जिला सरकार

### योजना समिति होगी सशक्त, प्रभारी मंत्रियों को मिलेंगे अधिकार

**भोपाल, 30 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश में अब एक बार फिर जिला सरकार की वापसी हो रही है। जिले में कौन सा विकास कार्य पहले किया जाना है और कौन सा काम बाद में होगा, यह जिले में ही तय होगा। पूर्व की तरह जिला योजना समिति प्राथमिकताएं निर्धारित करेंगी। योजनाओं को अनुमोदित करने का अधिकार प्रभारी मंत्रियों को मिलेगा।

जिला योजना समिति की बैठक भी प्रत्येक तीन माह में करनी होगी। इसमें जिले में चल रही योजनाओं की समीक्षा भी की जाएगी। समिति में 10 से लेकर 20 तक सदस्य रहेंगे। मोहन सरकार का गठन होने के बाद से जिला योजना समितियों की व्यवस्था ठप पड़ी थी। प्रभारी मंत्री न होने के कारण कलेक्टर-कमिश्नर ही पूरा काम देख रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संभागीय मुख्यालयों पर समीक्षा बैठकें प्रारंभ करके जनप्रतिनिधियों को इससे जोड़ने का काम किया।

**बनाया जा रहा है चार साल का दृष्टि पत्र...**

विधायकों से सभी विधानसभा क्षेत्रों का आगामी चार वर्ष का दृष्टि पत्र बनवाया जा रहा है। इसके आधार पर कामों की प्राथमिकता निर्धारित होगी। प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में सरकार 100 करोड़ रुपये व्यय करेगी, जिसकी व्यवस्था सांसद और विधायक निधि के अलावा जन सहभागिता और राज्य सरकार के बजट से की जाएगी।

अब व्यवस्था के विकेंद्रीकरण के लिए जिला योजना समितियों सक्रिय किया जा रहा है। इसमें प्रभारी मंत्री की भूमिका अहम रहेगी। समिति जिले की प्राथमिकता के आधार पर जिले की योजना बनाएगी। ऐसे कार्य, जिन पर निर्णय जिला स्तर पर ही लिया जा सकता है, उन पर समिति ही अंतिम निर्णय कर लेगी। वहीं, ऐसे काम जिसके लिए अनुमति शासन स्तर पर लेना अनिवार्य होगा, उसकी अनुशंसा समिति द्वारा कर दी जाएगी। इसके साथ ही केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन पर नजर समिति द्वारा रखी जाएगी। निरीक्षण के अधिकार समिति के सदस्यों को रहेंगे। सूत्रों का कहना है कि सामान्य प्रशासन विभाग ने जिला योजना समिति के संबंध में दिशानिर्देश का प्रारूप भी तैयार कर लिया है, जिसे मुख्यमंत्री की अनुमति के बाद जारी किया जाएगा।

## जहरीली शराब कांड: दस हजार के इनामी आरोपी को दबोचा

### तीन साल से थी तलाश, अवैध पिस्टल के साथ नकली शराब भी मिली

**मंदसौर, 30 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** पिपलिया मंडी जहरीली शराब कांड मामले में 3 साल से फरार चल रहे आरोपी को नई आबादी व वायडी नगर पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में अवैध पिस्टल और नकली शराब के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ 11 गंभीर अपराध दर्ज है, वहीं शराब कांड मामले में आरोपी के खिलाफ 10 हजार का इनाम घोषित किया गया था।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुल्तानपूरा चौकी प्रभारी कपिल सौराष्ट्रीय को सूचना मिली थी की वर्ष 2021 के पिपलिया मंडी जहरीली शराब कांड का फरार आरोपी अवैध शराब बैचने के लिए गुराडिया फंटे पर खड़ा है। मुखबीर की सूचना पर वायडी नगर व नई आबादी थाने की पुलिस टीमों ने आरोपी विक्रम उर्फ विक्की वर्मा पिता लेखराज वर्मा निवासी हाथीपाला जुनी इन्दौर थाना रावजी बाजार जिला इन्दौर को 20 लीटर अवैध जहरीली शराब व एक अवैध देशी पिस्टल और दो जिन्दा राउंड कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ इंदौर, धार, अलीराजपुर, रतलाम, मंदसौर के विभिन्न थानों में 11 गंभीर अपराध दर्ज है।

**चलाता था नकली शराब की फैक्ट्री...**

पुलिस के अनुसार आरोपी विक्रम उर्फ विक्की वर्मा बड़े पैमाने पर अवैध रूप से नकली शराब बनकर इसकी सप्लाई करता था। वर्ष 2021 में पिपलिया मंडी में नकली शराब पीने से कई लोगो की मौत हो गई थी। आरोपी लंबे समय से नकली शराब के गौरख धंधे में लिप्त था। पिपलियामंडी जहरीली शराब मामले में आरोपी ने नकली होलोग्राम, ढक्कन, लेबल, बोतल और केमिकल उपलब्ध करवाया था। 04 अगस्त 2021 को अलीराजपुर जिले के आजाद नगर निवासी नवीन पिता कन्हेयालाल बसेर के घर के नीचे बने तलघर मे अवैध शराब की फैक्ट्री पकड़ाई थी। जिसमें 10 ड्रम अवैध केमिकल, 9



ढक्कन के कार्टुन, होलोग्राम के बंडल आदि जब्त किए गए थे। इस मामले में भी आरोपी विक्की फरार था। आरोपी फरारी के दौरान भी टेंकरों से स्प्रिट उतारकर उससे अवैध शराब निर्माण का कार्य कर रहा था। 23 दिसम्बर 2023 को धार जिले के सागोर थाना क्षेत्र में अवैध शराब निर्माण के उपकरण मिले थे। मौके से 1200 लीटर स्प्रिट, आठ कार्टून मेटल के ढक्कन, लोहे की सील मशीन जप्त हुई थी। इस प्रकरण में भी आरोपी फरार था। इसी तरह आरोपी अलग अलग थानों में अवैध हथियार, जहरीली शराब जैसे कई संगीन मामलों में फरार था। जिसे मंदसौर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

# गायत्री परिवार का जिला स्तरीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण संपन्न

**मंदसौर, 30 अगस्त गुरू एक्सप्रेस।** अखिल विश्व गायत्री परिवार का जिला स्तरीय संगठनात्मक प्रशिक्षण शिविर संपन्न हुआ।

प्रांतीय टोली द्वारा जिला स्तरीय कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण मंदसौर गायत्री शक्तिपीठ पर 2026 के लक्ष्य को लेकर माताजी की जन्म शताब्दी अखंड दीपक की शताब्दी के बड़े लक्ष्य को लेकर कार्यकर्ताओं के द्वारा राष्ट्रीय उत्थान एवं समाज उत्थान को लेकर विश्व में बढ़ रही हलचल को शांति एवं वातावरण परिष्कार के साथ परिवार के अंदर देवी वातावरण संस्कारी वातावरण की स्थापना को लेकर वृहत एक दिवसीय प्रशिक्षण संकल्प के साथ प्रारंभ हुआ सर्वप्रथम देव मंच पर गुरुदेव, माताजी और गायत्री माता का संक्षिप्त पूजन कर दीप प्रज्वलन किया तत्पश्चात टोली का स्वागत और मुख्य अतिथि एफसीआई के वरिष्ठ डायरेक्टर गायत्री परिवार की गौशाला के प्रमुख श्री मदनलाल राठौर का मुख्य ट्रस्टी श्री नरेश त्रिवेदी और जिला समन्वयक मोहनलाल जोशी द्वारा स्वागत किया गया। निशा धनोतिया द्वारा गुरु भक्ति का स्मरण करते हुए साधक भाइयों को गुरु महिमा का गान किया स्वागत भाषण देते हुए नरेश त्रिवेदी द्वारा कहा गया कि मंदसौर गायत्री शक्तिपीठ गुरुजी के चरण भी इस धरा पर पड़े हैं



गायत्री परिवार मंदसौर से ही पूरे देश के अंदर स्मृति उपवन की स्थापना एक सफल गौशाला की स्थापना घर-घर नवरात्रि काल में में यज्ञ श्रृंखला एवं विशेष श्रावण मास में लगातार एक माह का यज्ञ जैसे संकल्पना का कार्य मंदसौर द्वारा किया गया है मंदसौर से ही स्वास्थ्य क्रांति का उद्घोष हुआ है को चिकित्सा नेचुरोपैथी जैसे संकल्प भी मंदसौर द्वारा लिए गए हैं जो कि वर्तमान में राष्ट्रीय स्तर पर पहुंच चुके हैं इन सभी कार्यों को घर-घर पहुंचने के लिए आप सभी को आमंत्रित किया है 2026 यह विशेष उथल-पुथल का समय है इसमें गायत्री परिवार की जवाबदारी ज्यादा है।

उसके बाद दिवंगत हुए वरिष्ठ परिजन श्री सुभाष मंडोवरा जिन्होंने जिले में और पूरे देश में शांतिकुंज के निर्देश पर सेवाएं की साथ ही दलौदा शक्तिपीठ के मुख्य ट्रस्टी रहे श्री दशरथलाल शर्मा का भी कुछ माह पूर्व देहवासन हो गया था दोनो आत्माओं को 1 मिनट का मौन जप कर श्रद्धांजलि प्रदान की। शांतिकुंज हरिद्वार के दिव्य संरक्षण एवं मध्यप्रदेश जोन के मार्गदर्शन में गायत्री परिवार का जिला स्तरीय संगठनात्मक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 29अगस्त गुरुवार को गायत्री शक्तिपीठ मंदसौर पर संपन्न हुआ। मध्यप्रदेश की प्रांतीय प्रशिक्षण टोली के प्रतिनिधि श्री अरूण पराड़कर, डॉ.सोहन गुर्जर द्वारा संगठन के महत्व, परिजनों के दायित्व, तहसील एवं जिला समन्वय समिति के कार्य, माताजी जन्मशताब्दी में परिजनों के कर्तव्य, मंडलों का संचालन, रिकार्डिंग एवं रिपोर्टिंग के साथ क्षेत्र में शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा निर्धारित गतिविधियों का कुशल संचालन विषयक प्रभावी प्रशिक्षण प्रदान किया गया उनके द्वारा कहा गया कि संपूर्ण विश्व वर्तमान समय में भारत की तरफ देख रहा है जिसमें मुख्य भूमिका गायत्री परिवार के साधकों की है वसुदेव कुटुंबकम के साथ ही संपूर्ण विश्व का एक संविधान की कल्पना गुरुदेव की सकार होती नजर आ रही है अनीति अब दम तोड़ देगी। मुख्य अतिथि श्री मदनलाल राठौर ने अपने संबोधन में गायत्री परिवार की गतिविधियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि गायत्री परिवार से सदैव उनके एक कार्यकर्ता स्तर के संबंध रहे और जहां कहीं मुझे गायत्री परिवार बुलाता है मैं हर तरह से मदद करता हूं और करता रहूंगा कहते हुए बहुत सफल गोष्ठी की सबको की एक शुभकामनाएं प्रदान की ओर पूरी गोष्ठी में उपस्थित रहे। गायत्री परिवार शक्तिपीठ मंदसौर की व्यवस्थापक के रूप में कार्यरत युवा प्रकोष्ठ के पवन गुप्ता द्वारा कार्यक्रम की सफल व्यवस्था करते हुए जिले के आए प्रतिनिधियों को मंदसौर के साथ लक्ष्य को पूर्ति हेतु पूरा-पूरा सहयोग करने का संकल्प लिया एवं दिलाया गया भोजन व्यवस्था प्रभारी दिलीप माहेश्वरी द्वारा लगातार परिवार के प्रत्येक कार्यक्रम में सहयोग करते हुए गुरु के लिए प्रशिक्षण सेवा करने का संकल्प लिया पूरे जिले से गायत्री परिवार के सैकडों साथ को नहीं एक साथ हम सुधरेंगे युग सुधरे का हम बदलेंगे युग बदलेगा 21वीं सदी उज्ज्वल भविष्य का नारा लगाते हुए संकल्प लेकर कार्य संकल्प दोहराया गया गायत्री परिवार के विशेष प्रशिक्षण देने आए गुरु भाई की विदाई विशेष रूप से स्वास्थ्य क्रांति के फोल्डर एवं क्रांतिकारी तस्वीर भेंट करते हुए की गई।

**कार्य योजना**–जिला मंदसौर में कार्यक्रमों के लिए 12 टोली 5 कुंडी, 9 कुंडी यज्ञों और अन्य शिविरों को संचालित करने के लिए और 3 विशेष टोली जो प्रज्ञा पुराण कथा 24 कुंडी 51 कुंडी यज्ञ और कार्यकर्ता प्रशिक्षण दे सके ऐसी टोलियां बनी, 10 पांच कुंडी 7, 9 कुंडीय 3, 24 कुंडीय यज्ञ की योजना बनी और प्रथम चरण दिसंबर 24 तक 232 पंचायतों में निर्धारित कार्यक्रमों को पहुंचाने के संकल्प उभरे। जिला स्तरीय प्रशिक्षण में गायत्री परिवार के तहसील केंद्रों सहित गायत्री परिवार के सभी शक्तिपीठ, प्रज्ञापीठ, चेतना केंद्र, श्री राम स्मृति वन के परिजनों, ट्रस्टी जनों शाखा के प्रज्ञा मंडल, महिला मंडल और युवा मंडल के सक्रिय परिजनों ने उत्साहपूर्ण भागीदारी की। कार्यक्रम के संचालन में गायत्री परिवार के समय दानी सत्येंद्र सिंह एवं पवन गुप्ता द्वारा किया गया। उक्त जानकारी गायत्री परिवार के सत्येन्द्रसिंह सोम ने दी।

## बारह बीएलओ व तीन सुपरवाईजर को नोटिस जारी

**नीमच, 30 अगस्त गुरू एक्सप्रेस।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, म.प्र. भोपाल एवं कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नीमच के निर्देशानुसार फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2025 का कार्यक्रम जारी किया गया है। पुनरीक्षण के पूर्व बीएलओ द्वारा डोर-टू-डोर सर्वे का कार्य समय सीमा में किया जाना है। इस संबंध में विधानसभा क्षेत्र क्र. 230 जावद के बीएलओ एव बीएलओ सुपरवाईजर का प्रशिक्षण शुक्रवार को जावद, रतनगढ में आयोजित कर बीएलओ एव 'बीएलओ सुपरवाईजर को मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण दिया गया तथा समस्त कार्य समयावधि में संपादित करने के निर्देश दिये गये। उक्त प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहे 12 बीएलओ एवं 03 बीएलओ सुपरवाईजर को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किये गये है। जिनके विरूद्ध निर्वाचन आयोग के नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी।

## दशपुर विद्यालय की टीम बनी विजेता



**मंदसौर, 30 अगस्त गुरू एक्सप्रेस।** हॉकी मंदसौर एवं जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा स्व.श्री के. बी. दुबेला की स्मृति में दिनांक 24 अगस्त से 29 अगस्त तक 12 वर्ष बालक-बालिका आयु वर्ग में इंटरस्कूल हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें शहर के छ: विद्यालय की टीमो ने भाग लिया।

प्रतियोगिता का फाइनल खेल दिवस के दिन खेला गया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला दशपुर विद्यालय एवं संट थॉमस स्कूल की टीम के मध्य खेला गया, जिसमे दशपुर विद्यालय के खिलाड़ियों ने अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए विरोधी टीम को 1-0 से हराकर प्रतियोगिता में पहला स्थान प्राप्त किया। जिला खेल अधिकारी श्री विजेंद्र देवड़ा, शहर पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक आंनद हॉकी मंदसौर अध्यक्ष श्री कुलदीप सिंह सिसोदिया, सचिव श्री अविनाश उपाध्याय, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य श्री अनिल कियाव्रत, उद्योगपति श्री विशाल गोयल एवं सम्मानित अतिथियों द्वारा विजेता टीम को ट्रॉफी एवं गोल्ड मेडल पहनाकर पुरुस्कृत किया। सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में विद्यालय टीम के कैप्टन निर्मल ग्वाला एवं सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर के रूप में विद्यालय टीम की खिलाड़ी सुहाना बंधवार को चुना गया, जिन्हें अतिथियों द्वारा शील्ड्र एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन द्वारा उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिता के दौरान विद्यर्थियों के उत्साहवर्धन हेतु प्राचार्य प्रिंस वी थॉमस, सुपरवाइजर श्री हाकिम प्रसाद शर्मा, अभिभावकों सहित पूरा विद्यालय परिवार उपस्थित था। उक्त जानकारी विद्यालय के खेल शिक्षक एवं कोच श्री भरत कुमार द्वारा दी गई।



## खेल सप्ताह अंतर्गत हॉकी प्रतियोगिता सम्पन्न

**मंदसौर, 30 अगस्त गुरू एक्सप्रेस।** जिला खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में खेल सप्ताह अंतर्गत अंडर 12 इन्टर स्कूल हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन हॉकी ऐस्ट्रो टर्फ मैदान मंदसौर पर किया। प्रतियोगिता में जिला मुख्यालय के 8 स्कूल की टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में सभी टीमों के मध्य लिग कम नॉकआउट पद्धति पर मैच आयोजित किए। प्रतियोगिता का फाइनल मैच दशपुर विद्यालय एवं सेंट थॉमस विद्यालय के बीच में हुआ जिसमें दशपुर विद्यालय 1-0 गोल से विजेता रहा। प्रतियोगिता में दशपुर विद्यालय प्रथम, सेंट थॉमस विद्यालय सेकंड एवं डेक्सचर विद्यालय तृतीय स्थान पर रहा। प्रतियोगिता के समापन पर पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक आनंद एवं वरिष्ठ खिलाड़ी श्री रनवाल द्वारा विजेता खिलाडियों को पुरुस्कार दिया गया।



## वन्यजीव रहवास विकास एवं पेयजल प्रबंधन हेतु दो दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

**मंदसौर, 30 अगस्त गुरू एक्सप्रेस।** गांधीसागर अभयारण्य में स्थित चारागाह क्षेत्रों के प्रबंधन एवं चारागाह क्षेत्रों की मात्रा बढाने के उद्देश्य से 2 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में राज्य वन अनुसंधान संस्थान जबलपुर के सेवा निवृत्त वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं चारागाह विशेषज्ञ डॉ आर. के. पांडेय, वन विभाग में मुख्य वन संरक्षक के पद से सेवा निवृत्त चारागाह एवं वन्य प्राणी विशेषज्ञश्री रवि कांत मिश्रा द्वारा अभयारण्य के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को चारागाह क्षेत्रों के समुचित प्रबंधन हेतु प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान वन मंडल अधिकारी श्री संजय रायखेरे, अधीक्षक गांधीसागर अभयारण्य, वन परिक्षेत्र अधिकारी एवं समस्त स्टाफ उपस्थित था।

प्रशिक्षण के दौरान वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं चारागाह विशेषज्ञ डॉ आर. के. पांडेय द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि चारागाह विकास एवं उनका प्रबंधन, वन्य प्राणी प्रबंधन का एक अभिन्न अंग है। किसी भी जीव को जीवन व्यापन के लिए मुख्य रूप से - भोजन, पानी एवं आवास की आवश्यकता होती हैं। घने जंगल आवास के लिए, बहती नदियां, तालाब पानी के लिए और घांस के मैदान भोजन के लिए। ये तीनों मिलकर वन्य प्राणी प्रबंधन के उद्देश्य को पूर्ण करते है। घांस के मैदान जिनके बारे में सबसे कम सोचा जाता है या जो सबसे अधिक जैविक दबाव झेल रहे है, चाहे वह अतिक्रमण का दबाव हो या अवैध चराई का बहुत कम चर्चा के विषय होते है। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य वन्य प्राणियों हेतु खाने योग्य एवं नहीं खाने योग्य घांस प्रजाति की पहचान करना, चारागाह क्षेत्रों में पाए जाने वाले खरपतवारों की पहचान कर उनका समूल उन्मूलन, चारागाह क्षेत्रों के प्रबंधन हेतु सूक्ष्म प्रबन्ध योजना का निर्माण तथा चारागाह क्षेत्रों में खाने योग्य घांस प्रजाति व जंगली दलहनी फसलों की मात्रा को बढ़ाने हेतु प्रशिक्षण दिया गया।


दिनांक 31 अगस्त 2024

अपनी कुण्डली स्वयं देखे- ज्योतिषाचार्य पंडित यशवंत जोशी के साथ

सूर्य ग्रह के उपाय-2...



✻ यदि आपकी जन्मकुंडली या गोचर में सूर्य अशुभ हो उसे अनुकूल बनाने के लिये ताम्बे से बनी वस्तु(लौठा, ग्लास, थाली), गुड़ तथा गेहूं का दान शिवमंदिर या किसी योग्य पात्र को दान करे इससे निश्चय हि आपके लिये सूर्य सम्बंधित शुभ फल में वृद्धी होगी। (नोट:दान ऐसे व्यक्ति को करे जिसके कर्म शुद्ध हो, सनातन वैदिक धर्म को मानता हो ओर दान प्राप्ति की योग्यता रखता हो।)

जय दुर्गा ज्योतिष सेवा संस्थान एवं अनुष्ठान केंद्र मंदसौर

7024667840,8085381720


# महापुरुषों की संगति हमें जन्म-मृत्यु के चक्र से उबारती है- आत्मस्वरूपानंदजी महाराज

### ब्रह्मलीन स्वामी ऋषियानंद सरस्वती महाराज का 60 वां महानिर्वाण महोत्सव मना

**मंदसौर, 30 अगस्त गुरू एक्सप्रेस।** तेलिया तालाब स्थित श्री ऋषियानंद आश्रम पर ब्रह्मलीन स्वामी ऋषियानंद जी सरस्वती महाराज का 60 वां महानिर्वाण महोत्सव संतो के सानिध्य में मनाया गया। 29 अगस्त को प्रात: काल अखंड रामायण का पाठ प्रारंभ हुआ जिसका समापन 30 अगस्त को होकर सदगुरुदेव ऋषियानंद के श्री विग्रह का पूजन अभिषेक किया गया।



तत्पश्चात हवन हुआ अभिषेक हवन पूजन विधि आचार्य नरेंद्र पंड्या, कन्हैयालाल पंड्या ने संपन्न कराया। हवन के पश्चात श्रीकेशव सत्संग भवन खानपुरा में चातुर्मास कर रहे ऋषिकेश के परम पूज्य महान विद्वान संत श्री आत्मस्वरूपानंद जी महाराज के प्रवचन हुए। आपने प्रवचन में कहा कि महापुरुषों की संगति हमें जन्म मृत्यु के चक्र से उबारती है। आपने कहा की सत्संग ही हमारे कल्याण का एकमात्र मार्ग है आपने शरीर इंद्रियां, मन, बुद्धि और इन सबसे ऊपर जो इन सब का संचालक है वह हम ही है अर्थात हमारा आत्म स्वरूप इन सभी तत्वों को नियंत्रित करता है आपने कहा हमें हमें ब्यूटी पार्लर में जाकर शरीर को सजाने का नहीं बल्कि सत्संग के माध्यम से इस शरीर में आत्मा है उसका चिंतन करते रहना चाहिए इसके लिए आपने साधना के लिए प्रथम तो एकांतवास और लघु भोजन अर्थात परिमित भोजन के साथ ही एकांतवास इंद्रियों को सीमित करने पर विशेष बल दिया। आपने कहा कि स्वामी ऋषि आनंद जी की कठोर महान तपस्या का प्रतिफल है यह आश्रम में आने पर अपार आत्मिक सुख शांति, आनंद की अनुभूति होती है। आपने सत्संग की महिमा बताते हुए कहा कि जिस घर में सत्संग होता है वह वृंदावन बन जाता है अपना कर्तव्य कर्म करते हुए सब कुछ भगवान को समर्पित करने पर मन पवित्र हो जाता है और तब मन आत्म चिंतन में लग जाता है मन को शुद्ध करने के लिए हमें इंद्रीय, संयम तथा प्राणायाम अवश्य करना चाहिए। इस अवसर पर पूज्य संत श्री ब्रह्मानंद गिरी जी महाराज का भी सानिध्य प्राप्त हुआ। संतो का शाल व श्रीफल भेंट कर व्यवस्थापक कन्हैयालाल पंडया, सचिव ओम सोनी, डॉ. दिनेश तिवारी, बंसीलाल टॉक, कन्हैयालाल गोठवाल, कमलेश गोधरा, घनश्याम सोनी, प्रहलाद सोनी, अशोक पाठक, कन्हैयालाल सोनी, श्यामलाल जोशी आदि ने स्वामी जी का आशीर्वाद लिया अंत में प्रसादी भंडारा हुआ। संचालन डॉ. दिनेश तिवारी ने किया व आभार सचिव ओम सोनी ने माना।

## कर्मचारी नेता राजेंद्र चाष्टा अपनी गौरवमयी सेवा पूर्ण कर आज होंगे सेवानिवृत्ति

**मंदसौर, 30 अगस्त गुरू एक्सप्रेस।** समाजसेवी व कर्मचारी नेता श्री राजेंद्र कुमार चाष्टा अपनी गौरवमयी व उत्कृष्ट 42 वर्ष 6 माह की सेवा मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड मंदसौर में पूर्ण कर आज वरिष्ठ उप केंद्र पर्यवेक्षक के पद से सेवानिवृत हो रहे हैं। आज दिनांक 31 अगस्त शनिवार को चंबल कॉलोनी पीजी कॉलेज के पास स्थित श्रम कल्याण केंद्र पर शाम 4 बजे श्री चाष्टा के सेवानिवृत एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित होगा।



आपने अपना कार्यकाल 27 फरवरी 1982 को परीक्षण सहायक के रूप में प्रारंभ किया था, जो अपने कुशल व्यक्तित्व व प्रबंधन क्षमता के साथ पदोन्नति प्राप्त कर एवं चाष्टा सेवा संस्थान के माध्यम से रक्तदान महादान के संकल्प को निभाते हुए स्वयं 39 बार रक्तदान करते हुए मंदसौर की सभी समाजसेवी संस्थाओं से जुड़कर मानव सेवा समाज, सेवा करते हुए, साथ ही नौकरी का दायित्व भी निभाते हुए इस उंचे पद पर पहुंचे। आपको प्रदेश स्तर पर, मध्य प्रदेश शासन विद्युत मंडल मुख्यालय जबलपुर, कई बार विभाग द्वारा, कई समाज सेवी संस्थाओं द्वारा सम्मानित किया गया। आप पर श्री कालेश्वर देव व श्री तलाई वाले बालाजी महाराज की असीम कृपा है ,आप देवस्थान पर जाने वाले भक्तों की भी प्रतिवर्ष सेवा करते हैं। आपके द्वारा किए गए उत्कृष्टएवं मानव सेवा कार्यों र्की सराहना कर आपके उज्ञवल भविष्य एवं भविष्य में भी इसी प्रकार मानव सेवा करते रहने हेतु विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन, जय माता दी ग्रुप, जिला धार्मिक उत्सव समिति, दशपुर योग शिक्षा संस्थान, दशपुर जागृति संगठन, लाफ्टर क्लब, मॉर्निंग क्लब, विनर क्लब, बालाजी फतेह कर संस्था, हरि कथा समिति, लायंस क्लब, रोटरी क्लब, नमो फाउंडेशन, नया दृष्टिकोण संस्था, श्री तलाई वाले बालाजी ट्रस्ट, श्री जगदीश मंदिर ट्रस्ट एवं पंचायत, समरसता मंच, गोवर्धन परिक्रमा दल, सम्माननीय पत्रकारगण, मीडिया कर्मी, भारतीय मजदूर संघ, स्वदेशी जागरण मंच, विद्युत कर्मचारी महासंघ, पेंशनर संघ, विद्युत कर्मचारी साख संस्था तथा मित्र गणों द्वारा आपको बधाई व शुभकामनाएं देते हुए उज्ञवल भविष्य की कामना करी, एवं सभी साथियों से निवेदन किया है कि आज आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित होवे।

## अभा साहित्य परिषद की रिमझिम काव्य गोष्ठी सम्पन्न

**मंदसौर, 30 अगस्त गुरू एक्सप्रेस।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद मंदसौर इकाई एवं जनपरिषद मंदसौर ने संयुक्त रूप से रिमझिम काव्य गोष्ठी, सम्मान समारोह एवं जन्मदिवस कार्यक्रम का आयोजन श्री नरेन्द्रसिंह सिपानी की अध्यक्षता, डॉ. घनश्याम बटवाल, डॉ. के.एल. राठौर, डॉ. स्वप्नील ओझा, डॉ. उर्मिलासिंह तोमर, डॉ. निशा महाराणा, राजेश रघुवंशी, मोहनलाल रिछावरा, विकास भण्डारी, वेद मिश्रा, प्रदीप शर्मा, संजय भारती, लाल बहादुर श्रीवास्तव, राजाराम तंवर, अजीजुल्लाह खान, नरेन्द्र त्रिवेदी, पुष्पेन्द्र भावसार, अजय डांगी, नंदकिशोर राठौर, चंदा डांगी, रानी राठौर, दिलीप सेठिया, विनोद मांदलिया, सचिन पारीख, पूरनमल कुकड़ा, नरेन्द्र शर्मा के विशेष आतिथ्य में किया गया।



कार्यक्रम का आरंभ चन्द्रकलासिंह की सरस्वती वंदना से हुआ। उपस्थित सभी साथियों ने प्रेस क्लब अध्यक्ष ब्रजेश जोशी का पुष्पमालाएं पहनाकर जन्मदिवस की शुभकामनाएं प्रदान की। साथ ही नौ राज्यों में 18 बार रक्तदान करने वाले रक्तवीर हिमांशु यजुर्वेदी का भी सम्मान पुष्प मालाओं से किया गया। डॉ. उर्मिला तौमर ने पौधा भेंटकर वृक्षारोपण एवं डॉ. निशा महाराणा ने पौधे का पूजन कर प्रकृति पूजन का महत्व प्रतिपादित किया तो श्रीमती चंदा डांगी ने हाथ से बनी कपड़े की थैली भेंटकर पर्यावरण को पॉलिथीन से बचाने की अपील की। इस अवसर पर डॉ. बटवाल ने कहा कि श्री ब्रजेश जोशी ने पत्रकारिता में नये आयामों को छूआ। अपनी विशेष कार्यप्रणाली से तो हिमांशु यजुर्वेदी ने समाज में रक्तदान की आवश्यकता को महसूस कराते हुए 18 बार रक्तदान कर रक्तवीर पुरस्कार प्राप्त किये। श्री जोशी ने कहा कि जीवन में ऐसा कुछ किया जाये जिसमें सबका हित समाहित हो। इसलिये अपने कार्य को जुनून बनाये। विकृतियों से न घबराकर अच्छी प्रवृत्तियों से बढ़ाए। श्री सिपानी ने कहा कि नगर की पहचान के आईकॉन है ब्रजेश जोशी और हिमांशु यजुर्वेदी। अजय डांगी ने कहा कि नगर में मेडी पाईट दवाईयों के साथ जन्मदिवस, सम्मान समारोह, गीत संगीत से तनाव मुक्ति का केन्द्र बनता जा रहा है। इस अवसर पर रिमझिम काव्य गोष्ठी का शुभारंभ मनासा के आशु कवि भेरू सुनार ने मनासा को बालकवि बैरागी की साहित्य धरा बताते हुए कविता यहां हवाएं भी कविता में बहती है, चिड़िया भी कविता में चहचहाती है सुनाई दोहा सम्राट पंकज शर्मा पिपल्या ने धनाक्षरी, असुर पनप रहे भारत भूमि पर करो जरा गौर सुनाई। मुकेश निडर पिपल्या ने अवताज महल की बात पुरानी हो गई, जनता अयोध्या की दीवानी हो गई , बालकृष्ण लोहार ने नफरत पे भारी एक नजर प्यार की, सौ सुनार की एक लोहार की सुनाई। कार्यक्रम का संचालन नरेन्द्र भावसार ने किया व आभार नरेन्द्र त्रिवेदी ने माना।

## सड़क सुरक्षा पखवाड़ा अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आज से

**मंदसौर, 30 अगस्त गुरू एक्सप्रेस।** अपर कलेक्टर मंदसौर द्वारा बताया गया है कि सड़क सुरक्षा पखवाड़ा 1 सितंबर से 15 सितंबर 2024 तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिसके अंतर्गत यातायात विभाग द्वारा मुख्य चौराहे पर यातायात नियमों का पालन करवाना एवं उसके प्रति जागरूकता फैलाना, विभिन्न वाहन चालकों एवं बस चालकों की चिकित्सा जांच जैसे आंखों की जांच शुगर बीपी तथा अन्य स्वास्थ्य जांचे (शासकीय, अशासकीय वाहन चालक, ई रिक्शा, ऑटो रिक्शा) यातायात थाने में, हेलमेट बैंक की स्थापना, आरटीओ एवं यातायात विभाग द्वारा चार पहियों वाहनों का फिटनेस चेकिंग, 1 सितंबर 24 को स्कूल विद्यार्थियों, पुलिस यातायात, एनसीसी कैंडेटस द्वारा पैदल रैली प्रात: 8:30 बजे गांधी चौराहे से प्रारंभ होगी। 2 सितंबर को सड़क सुरक्षा पखवाड़ा विभागीय रैली प्रात: 8 बजे प्रारंभ, 2 सितंबर को जिले के शासकीय और अशासकीय विद्यालय/ महाविद्यालय में अधिकारियों द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता की शपथ दिलाई जाएगी। 3, 4 एवं 5 सितंबर को महाविद्यालय में यातायात से संबंधित विषयों पर वाद-विवाद एवं व्याख्यान आयोजित किए जाएंगे।

# नीमच के खिलाड़ियों ने इंदौर में लहराया परचम

### नेशनल चैंपियनशिप में नीमच के खिलाड़ियों का दबदबा, 4 गोल्ड, 4 सिल्वर और 5 ब्रॉन्ज के साथ जीते कुल 13 मेडल, कलेक्टर और एसपी ने किया खिलाड़ियों का सम्मान

**नीमच, 30 अगस्त गुरू एक्सप्रेस।** इन्दौर में आयोजित नेशनल ताइक्वांडो प्रतियोगिता में प्रतियोगिता में नीमच जिले से कोच जयप्रकाश लोधा एवं मेनेजर महेश नायक के साथ 15 खिलाडियों की टीम ने भाग लेते हुए 4 गोल्ड, 3 सिल्वर और 6 ब्रॉन्ज के साथ कुल 13 मैडल पर अपना कब्जा जमाया।

उक्त जानकारी देते हुए जिला ताइक्वांडो संघ के सचिव एवं मुख्य प्रशिक्षक जय प्रकाश लोधा ने बताया कि ताइक्वांडो इंडिया द्वारा 23 से 25 अगस्त 2024 तक नेहरू स्टेडियम इंदौर में आयोजित नेशनल ताइक्वांडो प्रतियोगिता में मिताली शर्मा अल्फा इंग्लिश स्कूल (गोल्ड मेडल), आयुष जैसवार अल्फा इंग्लिश स्कूल (गोल्ड मैडल), आयुष चौधरी ज्ञानोदय इंटरनेशनल स्कूल (गोल्ड मैडल), भूपेंद्रसिंह सेठ गिरधारीलाल गर्ग अग्रसेन स्कूल बघाना (गोल्ड मैडल), चंद्रिका कैथवास कार्मल कान्वेंट (सिल्वर मैडल), वासु चारण पिता भंवर लाल (सिल्वर मेडल), दीपांशु पिता बल्लू दिशावरी (सिल्वर मेडल), दामिनी रावत गर्ल्स मिडिल स्कूल बघाना (सिल्वर मेडल), हर्षिता कैथवास कार्मल कान्वेंट स्कूल (ब्रॉन्ज), उन्नति बांकोलिया न्यू मॉडर्न पब्लिक स्कूल (ब्रॉन्ज मैडल), वेदिका अहीर पिता दीपक अहीर ब्राइट इंग्लिश स्कूल (ब्रॉन्ज मैडल), करन दांगी न्यू मॉडर्न पब्लिक स्कूल (ब्रॉन्ज मैडल), अक्षय जैन सेठ गिरधारीलाल गर्ग आग्रसेन स्कूल बघाना (ब्रॉन्ज मैडल), ने जीतकर जिले का नाम रोषन किया। जीत कर आने के बाद नीमच रेलवे स्टेशन नीमच पर समिति के पदाधिकारी एवं परिजनों ने ढोल ढमाकों के बीच फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। जिला कलेक्टर सुभाष चन्द्रा एवं जिला पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल ने भी सभी खिलाड़ियों को अपने ऑफिस बुलाकर मैडल पहनाए एवं प्रमाण पत्र-ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। साथ ही अपनी तरफ से सभी खिलाड़ियों को गिफ्ट प्रदान कर उज्वल भविष्य की कामना की।



आयुष चौधरी पिता देवेंद्रकुमार सिंह (ज्ञानोदय इंटरनेशनल स्कूल) पिछले 6 साल से लगातार ताइक्वांडो की प्रेक्टिस कर रहे है, जिन्होंने कि अब तक 10 नेशनल एवं 18 स्टेट खेले है, इन्हें भी जिला कलेक्टर सुभाष चन्द्रा द्वारा फर्स्ट दान ब्लैक बेल्ट एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया वासु चारण जो कि बोल और सुन नही सकता है, ने भी नेशनल प्रतियोगिता मे सिल्वर मेडल जीतकर यह साबित कर दिया कि अगर मन में कुछ करने का पक्का इरादा हो तो हमारी शारीरिक कमजोरियां भी हमको रोक नहीं सकती हैं। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित शालेय जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में भी नीमच जिला ताइक्वांडो संघ के कुल 25 खिलाड़ियों ने जिला स्तर पर गोल्ड मैडल प्राप्त कर शालेय संभाग स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता हेतु अपना स्थान सुनिश्चित किया। प्रतियोगिता में दिल्ली, राजस्थान, छत्तीसगढ़, हरियाणा, पंजाब, झारखंड, गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, आसाम उत्तर प्रदेश एवं मध्यप्रदेश के खिलाडियों ने भाग लिया। मेजबान मध्यप्रदेश ऑवरॉल विजेता एवं उत्तर प्रदेश उपविजेता रहा। तीसरे स्थान पर गुजरात रहा। जिला अध्यक्ष रतन लाल निर्वाण ने बताया कि नीमच जिला ताइक्वांडो संघ लगभग पिछले 40 वर्षो से जिले में मार्शल आर्टस के क्षेत्र में खिलाड़ियों को तराशने का काम कर रहा है, जिसके फलस्वरूप अब तक लगभग 50 अंतराष्ट्रीय, 200 राष्ट्रीय, 500 स्टेट लेवल के खिलाड़ी मैडल जीतकर नीमच जिले का नाम रोशन कर चुके हैं एवं पुलिस फोर्स, आर्मी एवं प्रशासनिक सेवाओं में भी चयनित हुए हैं। वर्तमान में प्रतिदिन सुबह 5 से 7 बजे एवं सायं 5 से 7 बजे तक रेल्वे स्टेशन के पास, पुरानी रेल्वे इंग्लिश मीडियम स्कूल में खिलाड़ियों को ट्रेनिंग दी जा रही है। जिन्हें भी ताइक्वांडो एवं सेल्फ डिफेंस का नि:शुल्क प्रशिक्षण प्राप्त करना हो वे कोच जयप्रकाश लोधा (मो.7869151535) पर संपर्क कर अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 44 | 2579 | 2700 |
| उड़द | 0000 | 0000 | 0000 |
| सोयाबीन | 4994 | 3940 | 4690 |
| गैहु | 4500 | 2650 | 3321 |
| चना | 144 | 6200 | 7351 |
| मसुर | 224 | 5250 | 6000 |
| धनिया | 420 | 5441 | 7090 |
| लहसुन | 11800 | 9800 | 24001 |
| मैथी | 817 | 4850 | 6490 |
| अलसी | 1660 | 5601 | 6051 |
| सरसो | 520 | 5250 | 5683 |
| तारामीरा | 1 | 4501 | 4501 |
| इसबगोल | 94 | 10500 | 12701 |
| प्याज | 23447 | 1200 | 3452 |
| कलोंजी | 24 | 10001 | 18300 |
| डॉलर | 64 | 10201 | 13601 |
| तिल्ली | 130 | 9500 | 12031 |
| मटरसुखी | 5 | 3300 | 7080 |
| असालीया | 75 | 7201 | 11031 |


# दलौदा शुगर मिल: योग्य आदेश के बिना काटे जा रहे हरे पेड़

## प्रधान मंत्री कार्यालय के आदेश की अवहेलना, सुप्रीम कोर्ट ने भी नहीं दिया है स्थगन

**शुगर मिल दलौदा की लीज की विवादित शासकीय भूमि की सुप्रीम कोर्ट मे सुनवाई जारी है।इसकी परवाह किये बिना कब्जा करके बड़े-बड़े वृक्ष कटवाकर भूमि को कृषि योग्य बनाकर फसले बोई जा रही हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय ने निर्देश दिये कि दस्तावेजो का अवलोकन कर जल्द से जल्द निराकरण किया जाये। मिल की भूमियो के संबंध मे हाई कोर्ट के अलग-अलग फैसले...**

**दलौदा, 30 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** दी जीवादी राव शुगर मिल कम्पनी लिमिटेड दलौदा को लीज पर दी गई विवादित शासकीय भूमियो का माननीय सुप्रीम कोर्ट मे लम्बित एसएसपी सिविल 4493/2019 म.प्र. राज्य बनाम दी जीवाजी राव शुगर कम्पनी लिमिटेड व अन्य 5 की अपील मे सुनवाई जारी हैं। सुप्रीम कोर्ट ने न तो स्थगन दिया है और न ही कब्जा आदेश फिर भी उक्त मिल की भूमियो पर बड़े बड़े हरे वृक्ष कटवाकर भूमि को कृषि योग्य बनाकर फसले बोई जा रही हैं।

समाजसेवी अनवर शाह दलौदा ने प्रधानमंत्री भारत सरकार को आवेदन प्रेषित किया व आवेदन मे लिखा कि तत्कालीन ग्वालियर स्टेट ने 366 भूमियो को किसानो को मुआवजा देकर उक्त अर्जित भूमियो को शुगर मिल दलौदा को शर्तो के साथ दी। जिसका इकरार नामा 21/01/1945 को मैनेजर शुगर मिल दलौदा के बीच लीज डीड बनी। इसमे शर्त थी कि कारखाना बंद होने पर जमीन वापस करना होगी। यह भूमि जिस कार्य के लिये दी जा रही हैं। उस कार्य के लिये इस्तेमाल करे। आरआरजी काबिल पाबंदी होगी। जिस काम के लिये दी गई उसी कार्य के लिये इस्तेमाल करना होगी। इसके बारे मे राज्य नियमो की तामिल व पाबंदी अनिवार्य होगीं। किन्तु म.प्र. शासन व प्रशासन की लापरवाही कहे या अनदेखी के कारण राजस्व अभिलेख के अधिकारियो द्वारा उक्त लीज डीड को 1976 मे गायब करवा दिया। उक्त मिल को पट्टेपर दी गई भूमियो को राजस्व अभिलेखो मे भूमिस्वामी शुगर मिल को इन्द्राज कर लिया। शासन ने सेंट्रल बैंक ऑफ इण्डिया को उक्त मिल को 65 लाख का लोन उपलब्ध कराने के लिये पत्र लिखकर ऋण की गारंटी दी थी। किन्तु बैंक ऋण का भुगतान नही करवाया गया। सेंट्रल बैंक आफ इण्डिया ने उक्त मिल को पट्टे पर उपलब्ध कराई गई भूमियो की जांच कराये बिना मोर्गेज किया। सेंट्रल बैंक ऑफ इण्डिया ने अपने ऋण की वसूली के लिये ऋण अधिकरण जबलपुर में वाद लगाया। ऋण वसूली अधिनियम जबलपुर के रिकवरी अधिकारी के द्वारा मिल की समस्त सम्पत्तियो और मिल की भूमियो व ऋण का मुल्यांकन नही करते हुवे 65 लाख के ऋण के लिये मिल की 366 बीघा शासकीय भूमिया व मशीनरी, बिल्डिग आदि समस्त सम्पतियो को समाचार पत्र में विज्ञप्ति का प्रकाशन करवाकर व एक टेण्डर भूमियो का आने पर ही नीलामी की कार्यवाही पूरी कर ली।


जीवाजीराव शुगर मिल

रिकवरी अधिकारी द्वारा नीलामी की कार्यवाही मे अधिकारीक परिसमापक अधिकारी को नही जोड़ा और जिसके कारण माननीय सुप्रीम कोर्ट के पेरा 17, पेरा 18 मे दिये गये निर्देशो की अवहेलना की। यदि सही मुल्यांकन करते तो मिल की मशीनरीया आदि सम्पति की राशि प्राप्त हुई, जिससे बैंक का ऋण चुकाया जा सकता था। मिल की शासकीय भूमियां म.प्र. शासन के सवामित्व की हैं। उक्त भूमियो से तत्काल अवैध कब्जा करके जो फसले बोई जा रही हैं। उन्हे तत्काल जब्त की जाये व कब्जा हटवाया जाये।

इस पर प्रधानमंत्री कार्यालय नई दिल्ली से अनवर शाह के फोन में मेसेज प्रेषित किया की आपकी शिकायत हमने ***पीएमओपीजी/डी/2024/167164*** पर दर्ज कर ली हैं। और शिकायत सी एम हेल्पलाईन शिकायत में प्रेषित की व लिखा कि शिकायत में संलग्न आवेदन दस्तावेजो का अवलोकन कर शिकायत का निराकरण किया जाये। आवेदन कृपया समस्या का जल्द से जल्द निराकरण किया जाये। शिकायत निराकरण अधिकार (एल1) से मिल कर शिकायत की जा चुकी हैं। मिल की भूमियो के संबंध मे हाईकोर्ट के अलग-अलग फैसले कलकत्ता हाईकोर्ट ने फेसले मे लिखा की श्री मिल की जमीन सरकार को मिलेगी। जबलपुर हाईकोर्ट ने फेसले दिया कि दी जीवाजीरव काटन मिल ग्वालियर की 712 बीघा भूमि पर शासन का अधिकार रहेगा, लीला मन्दिर से हवाई पट्टी की बीसीसीआई की सारी जमीन सरकारी, हाईकोर्ट ने निरस्त की ग्रेसिम की रजिस्ट्री, बीसीसीआई की रजिस्ट्री ओर नामांतरण भी निरस्त किया। 1000 बीघा जमीन सरकारी हुई। दलौदा शुगर मिल का मामला हाईकोर्ट जज, तहसीलदार से बोले क्यों न तुम्हें जैल भेज दे। नामांतरण सही करो।



## राष्ट्रीय खेल दिवस पर खेल प्रतियोगिताएं सम्पन्न

**मंदसौर, 30 अगस्त गुरू एक्सप्रेस।** शासकीय कन्या महाविद्यालय, मंदसौर की प्राचार्य डा.उमा गगरानी ने बताया कि महाविद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर विभिन्न खेल प्रतियोगितायें आयोजित की गई जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं ने बडचढकर सहभागिता की। क्रीडा अधिकारी श्री मनीष पांचाल ने बताया कि महाविद्यालय में प्लांक प्रतियोगिता, योगासन प्रतियोगिता, रस्सीकूद प्रतियोगिता,कबडडी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। योगासन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कु.नीमा सुर्यवंशी, द्वितीय स्थान कु. हंसिका रैकवार ने प्राप्त किया। प्लांक चैंलेंज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कु.खुशी गुर्जर, द्वितीय स्थान कु.नीमा सूर्यवंशी रही, रस्सीकूद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कु. गिरजा परमार और द्वितीय स्थान कु.हंसिका रैकवार ने प्राप्त किया। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर महाविद्यालय का स्टाफ एवं 35 छात्रायें उपस्थित रही।

## अनुराग जनजागरण पदयात्रा कल

**मंदसौर, 30 अगस्त गुरू एक्सप्रेस।** जल संवर्धन, स्वच्छता, व पर्यावरण के लक्ष्य को लेकर मन्दसौर नगर से अनुराग (प्रेम) रखने वाले गणमान्य नागरिकों के मार्गदर्शन में पदयात्रा निकाली जाएगी। प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को निकाली जाने वाली पदयात्रा दिनांक 1सितंबर रविवार को प्रात: ठीक 8.30 बजे नरसिंह घाट अखाड़ा, मन्दसौर से प्रारम्भ होकर राज विहार, अखेराम नगर, नारायण नगर, कृष्णा नगर, सिद्ध चक्रविहार, हनुमान नगर व भागवत नगर क्षेत्र में भ्रमण करेगी। पैदल चलने में असमर्थ महानुभाव प्रातः 9 से 9.15 के मध्य एकत्रीकरण स्थल नरसिंह घाट अखाड़ा, मन्दसौर पर पधारकर आमजन हित के इस अभियान को अपना नैतिक समर्थन अवश्य प्रदान करें।

## पेरिस पैरालंपिक में अवनी लेखरा ने रिकॉर्ड के साथ गोल्ड जीता, मोना अग्रवाल को ब्रॉन्ज मेडल

**पेरिस, 30 अगस्त।** अवनी लेखरा ने पैरालंपिक गेम्स में भारत को पहला मेडल दिला दिया है। उन्होंने विमेंस 10 मीटर एयर राइफल शूटिंग की एसएच 1 कैटेगरी में पैरालंपिक रिकॉर्ड के साथ गोल्ड मेडल जीता। उन्होंने 249.7 स्कोर किया। पिछला पैरालंपिक रिकॉर्ड 249.6 भी अवनी के ही नाम था, जो उन्होंने टोक्यो में बनाया था।



कोरिया की युनरी ली को सिल्वर मिला, उनका स्कोर 246.8 रहा। भारत की ही मोना अग्रवाल ने 228.7 के स्कोर के साथ ब्रॉन्ज मेडल जीत लिया। क्वालिफिकेशन राउंड में अवनी दूसरे और मोना पांचवें नंबर पर रही थीं।


**एक समय टॉप पर पहुंच गई थीं मोना अग्रवाल**–अवनी ने एसएच 1 कैटेगरी में गोल्ड जीता था। शूटिंग में एसएच 1 कैटेगरी में वे शूटर शामिल होते हैं, जिनके हाथ, शरीर के निचले हिस्से या पैर प्रभावित होते हैं। या फिर जिनके कोई अंग नहीं होते। क्वालिफिकेशन राउंड में अवनी लेखरा दूसरे और मोना अग्रवाल पांचवें नंबर पर रही थीं। फाइनल में 2 राउंड की शूटिंग बाकी थी, तब मोना 208.1 स्कोर के साथ टॉप पर थीं। अवनी दूसरे और कोरियन शूटर तीसरें नंबर पर थीं। सेकेंड लास्ट राउंड में कोरियन शूटर ने पहला स्थान हासिल कर लिया और अवनी दूसरे पर पहुंची। जबकि मोना तीसरे नंबर पर रहकर गोल्ड मेडल की रेस से बाहर हो गई। आखिरी राउंड में अवनी ने पैरालिंपिक रिकॉर्ड बनाया और 249.7 के स्कोर के साथ गोल्ड जीत लिया। जबकि कोरियन शूटर 246.8 पॉइंट्स के साथ दूसरे नंबर पर रहीं।

**डिस्कस थ्रो में छठे नंबर पर रहीं साक्षी**–विमेंस डिस्कस थ्रो की स्न55 कैटेगरी के फाइनल में भारत की दोनों एथलीटस मेडल से चूक गईं। साक्षी कसाना छठे और ज्योति करम 7वें नंबर पर रहीं। साक्षी का बेस्ट स्कोर 21.49 और ज्योति का 20.22 रहा। चीन की फेक्सिया डोंग ने 26.39 के बेस्ट स्कोर के साथ गोल्ड मेडल जीता। मेक्सिको की मारिया रोसा को सिल्वर और लात्विया की डायना क्रुमिना को ब्रॉन्ज मेडल मिला।

**बैडमिंटन मैच हारीं मानसी**–पैरा बैडमिंटन विमेंस सिंगल्स में भारत की मानसी जोशी को ग्रुप स्टेज के दूसरे मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। उन्हें यूक्रेन की ओक्साना कोजीना ने 10-21, 21-15, 23-21 से हराया। इससे पहले, उन्हें पहले मुकाबले में इंडोनेशियाई की नंबर-1 सीड कोनिता सयाकुरोह के खिलाफ हार मिली थी।

## सात दिवस में राशि जमा कराये, अन्यथा कार्यवाही होगी

**मंदसौर, 30 अगस्त गुरू एक्सप्रेस।** मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री सुधीरकुमार सिंह ने प्रेस व्यक्तव्य में बताया कि मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार सड़क पटरी (रैहडी) पर व्यवसाय करने वाले व्यक्तियों से दैनिक वसुली के स्थान पर अर्द्ध वार्षिक (छ माह) वसुली अप्रेल 2024 से की जा रही है। जिन व्यवसायियों द्वारा अर्द्ध वार्षिक शुल्क जमा नहीं कराया है वह सात दिवस के अंदर नगरपालिका के वसूली कर्मचारियों को शुल्क जमा कराकर अपने कार्ड बनवायें। उक्त अवधि के पश्चात जिन सडक पटरी व्यवसायियों के पास कार्ड नहीं होने की स्थिति में निकाय के द्वारा नियमानुसार बेदखल करने की कार्यवाही की जायेगी। अत: समय पूर्व निकाय के कर्मचारियों को राशि जमा कराकर कार्ड बनवाये।



## अस्पतालों में सुरक्षा व्यवस्था के लिये आंतरिक समितियों का गठन करें-प्रभारी कलेक्टर

**मंदसौर, 30 अगस्त गुरू एक्सप्रेस।** प्रभारी कलेक्टर श्री कुमार सत्यम की अध्यक्षता में जिले के समस्त संचालकों व प्रबंधको, निजी नर्सिंग होम/ हास्पिटल की सुरक्षा व्यवस्था हेतु बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान प्रभारी कलेक्टर श्री कुमार सत्यम द्वारा निर्देश दिये गये कि अस्पतालों में सुरक्षा व्यवस्था के लिये आंतरिक समितियों का गठन किया जाये। जिसमें वरिष्ठ चिकित्सक तथा महिला चिकित्सक को रखा जायें और अस्पताल में प्रवेश के लिये मरीज के परिजन एवं रिश्तेदारों हेतु पास जारी किये जाये। रात्रिकालीन ड्यूटी हेतु सुरक्षित परिवहन, पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था रहें। सुरक्षा नियत्रंण कक्ष स्थापित किया जाये जो 24 घंटे तक संचालित रहें। योन उत्पीड़न घटनाओं हेतु आंतरिक समितियों का गठन किया जायें। महिला एवं पुरूषों हेतु प्रथक प्रथक शोचालय की व्यवस्था हों। अस्पताल के पूरे परिसर एवं अस्पताल के कक्षों व बरामदों में सीसीटीवी केमरे लगाये जाये जो की अस्पताल के पूरे क्षेत्र को कवर करें इस बात का विशेष ध्यान दिया जाये की अस्पताल का कोई कोना सीसीटीवी केमरे की निगरानी से छूटे ना। महिला व पुरूष सुरक्षाकर्मीयों एवं मेडिकल स्टॉफ की व्यक्तिगत जानकारी संबंधी दस्तावेजों की सूचना नजदीकी पुलिस थाने में दी जायें। अस्पतालों में विशाखा समिति बनाई जाए। बैठक में निजी अस्पतालों के संचालक एवं प्रबंधक उपस्थित थे।

## बाल पंचायत एवं महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम सम्पन्न

**नीमच, 30 अगस्त गुरू एक्सप्रेस।** विकासखण्ड नीमच की ग्राम पंचायत गिरदौड़ा में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बाल पंचायत एवं महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसमें 150 महिलाओं एवं 55 बालक,बालिकाओं ने भाग लिया। महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्री टी.सी. मेहरा के निर्देशन में डिस्ट्रिक्ट हब फॉर एम्पावरमेन्ट ऑफ वूमन की 100 दिवसीय जागरूकता अभियान के तहत प्रशासक वन स्टॉप सेन्टर श्रीमती दुर्गा शर्मा , डी.एस.पी. सुश्री वैशाली सिंह, केन्टथाना एस.आई. शशीकलां, , प्रधान अध्यापिका श्रीमती राजमणी शर्मा, ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती लीलाबाई के आतिथ्य में पंचायत स्तरीय मैदानी अधिकारी-कर्मचारी की उपस्थिति में महिलाओं,बालिकाओं को बी.एन.एस. 2023 नवीन कानूनों,घरेलू हिंसा अधिनियम,महिला और बच्चों के विरूद्ध अपराध,बाल विवाह की रोकधाम, वन स्टॉप सेन्टर की जानकारी एवं विभिन्न हेल्पलाईन नंबरों की जानकारी दी गई। शास.मा. विद्यालय ग्राम पंचायत गिरदौड़ा में जिला समन्वयक (ममता युनिसेफ) श्री संदिप सिंह दीखित ने बालक बालिकाओं की बालसभा का आयोजन किया। जिसमें बाल पंचायत का गठन कर बच्चों को गुड टच, बेड टच एवं उनसे जुड़े मुद्दों को पंचायत स्तर पर उठाने, जेन्डर संबंधित समझ के विकास आदि के बारे में बताया।

## नक्शो तरमीम के लिए जीरन में शिविर आज

**नीमच, 30 अगस्त गुरू एक्सप्रेस।** राजस्व महाअभियान 2.0 के तहत समस्त ग्रामों में सीमा विवादों के निराकरण हेतु खसरा नंबरान के बटांकन नक्षों में तरमीम करने की कार्यवाही की जा रही है। जिसमें समस्त अविवादित बटांकन का निराकरण कर नक्षों में दर्ज,अमल कर दिया गया है। परंतु कुछ नक्षों के बटांकन अभी-भी राजस्व अभिलेख में मौका-कब्जा विवाद के कारण लंबित है। ऐसे समस्त कृषक जिनके बटांकन लंबित है अथवा अभियान के दौरान त्रुटिपूर्ण अमल किये गये है, उनके लिये 31अगस्तय 2024 एवं 02 सितंबर 2024 को विशेष शिविर का आयोजन तहसील कार्यालय जीरन में किया गया है। ऐसे समस्त कृषक अपनी दावा आपत्ति मय दस्तावेज लेकर तहसील कार्यालय में उपस्थित रहें।

## पर्युषण पर्व के दौरान पशुवध व मांस विक्रय पर लगे प्रतिबंध


### आइजा साथियों ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौपकर की मांग



**मंदसौर, 30 अगस्त गुरू एक्सप्रेस।** जैन धर्मावलंबियों के महापर्व पर्युषण पर्व के दौरान पशु वध एवं मांस विक्रय पर रोक लगाने की मांग को लेकर ऑल इंडिया जैन जर्नलिस्ट एसोसिएशन आइजा के द्वारा जिला कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन शुक्रवार को तहसीलदार सोनिका सिंह को दिया गया। दिए गए ज्ञापन में बताया गया कि जैन समाज अहिंसा का अनुयायी समाज है भगवान महावीर स्वामी ने भी सभी जीवों के प्रति करूणा का भाव रखते हुए अहिंसा परमो धर्म का सिद्धांत दिया है। जिले में वर्तमान में कई अवैध बूचड़खाने संचालित हो रहे है। जो कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार बंद होना चाहिए। चतुर्मास के दौरान श्वेतांबर और दिगम्बर जैन समाज द्वारा 31 अगस्त से 7 सितंबर व 8 सितंबर से 15 सितंबर तक पर्युषण महापर्व मनाया जाएगा। ज्ञापन में सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय और एनिमल वेलफेयर बोर्ड ऑफ इंडिया की एडवाइजरी के परिपालन में पर्युषण पर्व के दौरान क्षेत्र में संचालित पशु वध, मछली व्यापार एवं मांस विक्रय की दुकानें बंद कराने की मांग की गई। इस अवसर पर आइजा के प्रदेश उपाध्यक्ष महावीर जैन, जिलाध्यक्ष विजयेन्द्र फांफरिया, सचिव सचिन जैन, जितेश जैन, पंकज पामेचा, सम्यक जैन, शुभम धोका आदि मौजूद रहे।

## एक भागवत भक्त पीढ़ियों के पाप नाश कर देता है-स्वामी सरस्वती

**मंदसौर, 30 अगस्त गुरू एक्सप्रेस।** श्री केशव सत्संग भवन खानपुरा मंदसौर पर दिव्य चातुर्मास पूज्यपाद 1008 स्वामी आनन्द स्वरूपानंदजी सरस्वती ऋषिकेश के सानिध्य में चल रहा है। स्वामी जी द्वारा प्रतिदिन प्रात: 8.30 से 10 बजे तक श्रीमद् भागवद् महापुराण के एकादश स्कन्द का का वाचन किया जा रहा है।



शुक्रवार को धर्मसभा में स्वामी श्री आनन्द स्वरूपानंदजी सरस्वती ने कहा कि मनुष्य जीवन अत्यंत दुर्लभ है कई जीवों में भटकने के बाद हमें यह प्राप्त होता है। इसलिए हमें इस मानव जीवन को व्यर्थ नहीं करना चाहिए जिस काम के लिए हमें यह मिला है वह कार्य करना चाहिए प्रभु भक्ति करना चाहिए लेकिन हम प्रभु भक्ति के स्थान पर संसार की भक्ति में लगे है। लेकिन सच्चा भक्त सिर्फ भगवान की चाह रखता है उसें सांसारिक जीवन के मोह माया से कोई लेना देना नहीं होता है। आपने बताया कि शास्त्रों के अनुसार भगवान का गुणानुवाद करने से भगवान की कथा सुनने से जन्मों के पाप नष्ट हो जाते है। एक भागवत भक्त अपने पीढियों के पाप को नाश कर देता है इतना प्रभाव है भगवान की भक्ति में लेकिन हम भगवान की भक्ति के स्थान पर संसार में लगे रहते है इसलिए दुख के भागी बनते है। आपने बताया कि भगवान कि भक्ति की बहुत महिमा है। आपने बताया कि भगवान कहते है जिसने आत्मचिंतन कर लिया उसे फिर अन्य कोई चिंतन करने की आवश्यकता नहीं रह जाती है। कार्यक्रम के अंत में भगवान की आरती उतारी गई एवं प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष जगदीशचंद्र सेठिया, सचिव कारूलाल सोनी, मदनलाल गेहलोत, पं शंकरलाल त्रिवेदी, प्रहलाद काबरा, जगदीश गर्ग, आर सी पंवार, पं शिवनारायण शर्मा, नीलमचंद भावसार, घनश्याम भावसार, राधेश्याम गर्ग, महेश गेहलोद, भगवतीलाल पिलौदिया सहित बडी संख्या में महिलाएं पुरूष उपस्थित थे। बडी संख्या में धमार्लुजन उपस्थित थे।

## श्री नृसिंह मंदिर पर नंद उत्सव आज

**नीमच, 30 अगस्त गुरू एक्सप्रेस।** नृसिंह मंदिर महिला मण्डल के तत्वावधान में आज 31 अगस्त 2024 शनिवार को दोप. 3 बजे से नृसिंह मंदिर, घण्टाघर के पास नंद उत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा।

उक्त जानकारी देते हुए मण्डल पदाधिकारियों ने बताया कि इस अवसर पर बालगोपाल भगवान श्रीकृष्ण को सुन्दर पालने में झुलाकर भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की बधाईयां बांटी जाएंगी। भजन-कीर्तन और नृत्य से बालकृष्ण की स्तुति की जाएगी और आरती कर प्रसाद वितरण किया जाएगा। मण्डल पदाधिकारियों ने उत्सव में महिलाओं से कलरफुल हैवी साडी पहनकर पधारने का अनुरोध किया है।


## कार्यालय विपणन सहकारी संस्था मर्यादित
### सुवासरा मंडी, जिला-मंदसौर (म.प्र.)

पंजीयन क्रमांक 4400 दिनांक-27.04.1944, संशोधित 2300 दिनांक-07.11.1958

क्रमांक/358/आमसभा/2024 दिनांक-31.08.2024

सम्माननीय/श्रीमान-समस्त सदस्यगण, विपणन सहकारी संस्था मर्यादित सुवासरा मंडी

### ✻ वार्षिक साधारण सभा की सूचना ✻

विपणन सहकारी संस्था मर्यादित सुवासरा मंडी के समस्त सम्माननीय सदस्यों से निवेदन है कि संस्था की वार्षिक साधारण सभा 16.09.2024 सोमवार को दोपहर 12.30 बजे संस्था के शाखा कार्यालय, लदूना रोड सीतामऊ पर रखी गई है।

अतः आपकी उपस्थिति सादर प्रार्थनीय है। कोरम के अभाव में आधा घंटा स्थगित की जाकर मीटिंग उसी स्थान पर पुनः आयोजित की जावेगी।

**बैठक में निम्न विषयों पर विचार किया जावेगा-**

1. गत वर्ष में स्वीकृत बजट से अधिक खर्च की स्वीकृति पर विचार।
2. संचालक मण्डल द्वारा गत वर्ष में पारित प्रस्तावों/चलित प्रस्तावों की पुष्टि करने पर विचार।
3. संस्था के वर्ष 2024-25 के अंकेक्षण हेतु अंकेक्षक की नियुक्ति पर विचार।
4. वर्ष 2025-26 हेतु अनुमानित आय-व्यय पत्राक (बजट) पर चर्चा करना।
5. जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक से वर्ष 2025-26 हेतु क्लीन लिमिट पर विचार।
6. वर्ष 2025-26 हेतु वार्षिक कार्य योजना पर चर्चा कर अनुमोदन करना।
7. अंकेक्षण प्रतिवेदन वर्ष 2022-23 का अनुमोदन करना।
8. अन्य विषय प्रशासक महोदय की स्वीकृति से रखे जा सकेंगे।

भूपेन्द्रसिंह राजपूरोहित
प्रबंधक, विपणन सहकारी संस्था मर्या. सुवासरा मंडी



### नाम परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं योगितासिंह पिता मोहनसिंह ने अपना नाम परिवर्तन कर योगिता मोहन सिंह कर लिया हैं। अतः आईन्दा आगे से मुझे अपने नए नाम योगिता मोहनसिंह के नाम से जाना एवं पहचाना जाए।

पता - 84, थरोड़, पोस्ट-बोतलगंज, जिला मंदसौर



## कार्यालय वनमण्डलाधिकारी
### सामान्य वनमण्डल मंदसौर, मध्यप्रदेश

Phone-07422-255519 (O) E-mail-dfomtsour@mp.gov.in

### ✻ जाहिर सूचना ✻

यह सूचित किया जाता है कि प्रधान मुख्य वन संरक्षक (संरक्षण) म.प्र. भोपाल के प.क्र./विविध/2024/3053-54 दिनांक- 09.08.2024 से दिये गये निर्देशानुसार इस वनमण्डल के वन परिक्षेत्र मंदसौर अंतर्गत श्री रामेश्वर पिता रामचंद्र सुतार निवासी विश्निया तहसील सीतामऊ में स्थित आरामशीन को पूर्व में स्व. रामचंद्र कोहली निवासी पिपलियामंडी द्वारा क्रय किये जाने से तथा इनकी मृत्यु हो जाने से आरा मशीन का नामांतरण उनके पुत्र श्री संदीप पिता स्व. रामचंद्र कोहली निवासी पिपलियामंडी जिला मंदसौर के नाम आरा मशीन नामांतरण एवं स्थान परिवर्तन किया जाना है, जिसमें उनके परिवार के सदस्य को इस पर कोई आपत्ति हो तो जाहिर सूचना के 15 दिवस के अंदर इस कार्यालय को अवगत करावें। समयावधि के पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

(संजय रायखेरे)
भा.व.से.
वनमण्डलाधिकारी
सामान्य वनमण्डल मंदसौर


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक- आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in